# इंडोनेशिया बाली यात्रा
# उबुद, उलुवातु, करंगासेम, डेन्सपार, किंतमनी, बेडुगुल, कूटा

## यात्रा समयः 06 दिन




**यात्रा प्रारम्भः 15 जुलाई व 22 अक्टूबर 2026**

| दिन | दर्शनीय स्थल |
| --- | --- |
| पहला दिन | **दिल्ली** से फ्लाइट द्वारा **उलुवातु बाली** पहुँचने पर होटल में चेक-इन पश्चात **GWK (गरुड़ विष्णु केंचना)** सांस्कृतिक पार्क का भ्रमण करें, जहाँ विश्व की सबसे ऊँची गरुड़ विष्णु प्रतिमा स्थित है। समुद्र किनारे स्थित प्रसिद्ध **उलुवातु मंदिर** के दर्शन करें। सायंकाल पारंपरिक **केचक डांस** का मनमोहक प्रदर्शन देखें। (रात्रि कूटा) |
| दूसरा दिन | **बेडुगुल (नार्थ बाली)** नाश्ते के बाद होटल से चेक-आउट कर बेडुगुल के लिए प्रस्थान। झील के मध्य स्थित अत्यंत सुंदर **उलुन दानु बेरातन मंदिर** के दर्शन करें। इसके बाद प्रसिद्ध **हंदारा गेट** पर फोटोग्राफी एवं **तमन अयुन मंदिर** का भ्रमण करें, जो जल से घिरा प्राचीन राजसी मंदिर है। सायंकाल **तनाह लोट मंदिर** में सूर्यास्त का अद्भुत दृश्य देखकर रात्रि विश्राम कूटा में। |
| तीसरा दिन | **करंगासेम** प्रातः नाश्ते के बाद होटल से चेक-आउट करें। मार्ग में **लेम्पुयांग मंदिर (गेट ऑफ हेवन)** के दर्शन करें। इसके बाद **तीरथा गंगा** का भ्रमण करें। फिर बुकित **चिल्ली रिवर राफ्टिंग** का रोमांचक अनुभव लें और अंत में **टिबुमाना वॉटरफॉल** देखें। सायंकाल उबुद पहुँचकर रात्रि विश्राम उबुद में। |
| चौथा दिन | **किंतमनी** नाश्ते के बाद **बाली स्विंग** पर रोमांचक अनुभव लें तथा प्रसिद्ध **तेगालालंग राइस टैरेस** (सीढ़ीनुमा धान के खेत) देखें। इसके बाद **किंतामणि व्यू पॉइंट** से **माउंट बातूर ज्वालामुखी** का अद्भुत दृश्य देखें। तत्पश्चात **तिर्ता एम्पुल मंदिर** में पवित्र जल स्नान का आध्यात्मिक अनुभव कर रात्रि विश्राम उबुद में। |
| पाँचवाँ दिन | **कूटा** सुबह से **कूटा बीच** और **डबल सिक्स बीच** पर समय व्यतीत करें। दोपहर में स्थानीय **ओलेह-ओलेह मार्केट** में खरीदारी करें। (रात्रि विश्राम कूटा।) |
| छठा दिन | **डेन्सपार एयरपोर्ट** होटल से चेक-आउट और बाली हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान। यात्रा की मधुर स्मृतियों के साथ **दिल्ली** में यात्रा का समापन। |

नोट: कृपया बाली यात्रा के नियम पेज नं. 43 को ध्यानपूर्वक पढ़ कर ही सीट बुक करायें।

# बाली विदेश यात्रा के नियम व सुविधाएँ

**यात्रा शुल्क:** यात्रा का कुल किराया ₹**79,000/-** प्रति यात्री होगा, जिसमें दिल्ली से बाली आने-जाने की हवाई यात्रा, होटल में डबल बेड रूम, वीजा का खर्च, भोजन, स्थानीय दर्शनीय स्थलों का भ्रमण एवं ट्रांसपोर्ट आदि शामिल हैं। अग्रिम बुकिंग हेतु ₹**25,000/-** प्रति यात्री 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के S.B.I. बैंक खाते में जमा करवा दें। शेष राशि यात्रा प्रारंभ होने से कम से कम 7 दिन पूर्व जमा करना आवश्यक है। यदि कोई यात्री बुकिंग के बाद यात्रा रद्द करता है तो अग्रिम राशि वापिस नहीं की जाएगी। यात्रा तिथि नजदीक आने पर फ्लाइट टिकट का मूल्य बढ़ सकता है, जिससे किराये में वृद्धि का अंतर यात्री द्वारा देय होगा।

**भोजन व निवास:** प्रतिदिन चाय, नाश्ता, दोपहर व रात का शाकाहारी भोजन मिलेगा। जो होटल मेनू में निश्चित रहेगा। भोजन होटल या स्थानीय रेस्तरां में उपलब्धता अनुसार दिया जाएगा। यात्रियों को डबल बेड कमरे दिए जाएँगे। यदि कोई यात्री सिंगल रूम लेना चाहता है तो उसे ₹**12,000/-** अतिरिक्त शुल्क देना होगा। होटल का चेक-इन/चेक-आउट स्थानीय नियमों एवं समय के अनुसार होगा।

**हवाई यात्रा व सामान नियम:** हवाई यात्रा हेतु प्रत्येक यात्री को 20 किलो तक का चेक-इन सामान एवं 7 किलो तक का हैंड बैग ले जाने की अनुमति होगी। अतिरिक्त सामान का शुल्क यात्रिओं द्वारा स्वयं दिया जाएगा। हवाई अड्डे पर ट्रांसफर के दौरान यात्रियों को अपना सामान स्वयं संभालना होगा।

**आवश्यक दस्तावेज:** यात्रा के लिए पासपोर्ट की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है। पासपोर्ट की वैधता यात्रा की तिथि से कम से कम 6 महीने शेष होनी चाहिए। यात्रियों को हमेशा मूल पासपोर्ट, वीज़ा एवं ई-टिकट साथ रखना होगा। वैध दस्तावेज़ न होने पर बोर्डिंग की अनुमति नहीं होगी और यात्रा का शुल्क वापस नहीं होगा। बुकिंग के बाद पासपोर्ट की डिटेल पेज की कॉपी **WhatsApp (9640100200)** पर भेजनी होगी।

**स्थानीय परिवहन:** यात्रा हेतु A/C बस/वैन/मिनी कोच की व्यवस्था की जाएगी। ग्रुप के अनुसार वाहन चुना जाएगा। कुछ शहरों में स्थानीय यातायात नियमों और संकरी गलियों के कारण छोटे वाहन भी प्रयोग किए जायेंगे।

**विशेष निर्देश व नियम:** दर्शनीय स्थलों के प्रवेश शुल्क, बोटिंग, रोपवे, पोर्टर, वाटर स्पोर्ट्स, एडवेंचर गतिविधियाँ, पारंपरिक शो तथा व्यक्तिगत शॉपिंग आदि के खर्च पैकेज में शामिल नहीं हैं। हमारे द्वारा उल्लेखित सुविधाओं के अतिरिक्त यदि यात्री स्वयं कोई अतिरिक्त खर्च करते हैं, तो उसका भुगतान उन्हें स्वयं करना होगा। बाली में आगमन के बाद, आप एयरपोर्ट पर अपनी आवश्यकता अनुसार स्थानीय मुद्रा (रूपया) और सिम कार्ड ले सकते हैं। अपने सामान और सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक यात्री की स्वयं होगी। किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत बीमारी, दुर्घटना या मूल्यवान वस्तुओं के नुकसान की जिम्मेदारी संस्था नहीं लेगी। अगर कोई यात्री अस्वस्थ होकर यात्रा बीच में छोड़ देता है, तो वाहन की व्यवस्था और खर्च यात्री का स्वयं की जिम्मेदारी होगी। कोई भी राशि वापसी नहीं की जाएगी। आपात स्थिति में अस्पताल या डॉक्टर की व्यवस्था की जा सकती है, स्वयं यात्री के खर्चे पर। यदि कोई यात्री निर्धारित समय पर नहीं पहुँचता है, तो उसे अगले स्थान तक अपने खर्च पर पहुँचना होगा। परिवहन निर्धारित स्थलों की पार्किंग तक ही जाएंगी, वहाँ से दर्शनीय स्थलों की दूरी बहुत कम होगी, यात्री स्वयं के खर्च पर पैदल या रिक्शा द्वारा वंहा जा सकते हैं।

**जरुरी दिशा-निर्देश:** यात्रा के दौरान यदि कोई यात्री किसी भी कारण से कस्टम या विदेशी नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं यात्री की होगी। ऐसी स्थिति में संस्था किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगी। यात्रा को न तो रोका जाएगा और न ही स्थगित किया जाएगा, और न कोई शुल्क वापस किया जाएगा। यदि स्थानीय कानून के अंतर्गत कोई कार्यवाही होती है, तो उसका दायित्व पूर्णतः संबंधित यात्री का होगा। अतः निवेदन है कि वे विदेश के सभी नियमों और कानूनों का पालन करें।

**आपात स्थिति व परिवर्तन:** बाढ़, भूकंप, युद्ध, दंगा, आतंकवादी गतिविधि, त्योहार, औद्योगिक विवाद, प्राकृतिक या परमाणु आपदा, खराब मौसम, महामारी, आग, बस/प्लेन/रेल के विलम्ब आदि के कारण कुछ स्थलों के दर्शन संभव नहीं हो पाते हैं तो ऐसी स्थिति में कार्यक्रम में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में यदि यात्रा बाधित होती है, तो संस्था किसी प्रकार के हर्जाने या मुआवजे के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। यात्रा संस्था आपकी सुविधा का पूरा प्रयास करता है, फिर भी यात्रा के दौरान कुछ असुविधा संभव है। कृपया इसे स्वीकार करें और यात्रा मैनेजर को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।